तापमान
अधिकतम 39 .4 डिग्री
न्यूनतम 18 .0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 16 अप्रैल 2025

11 नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देकर साइक्लोथॉन ..

12 शिक्षा विभाग ने महम खंड के चार गैर-मान्यता प्राप्त ..


MATRIX CLASSES ... Run by IITian
IIT-JEE (MAIN & ADVANCE) | MEDICAL NEET (UG) | FOUNDATION (HTSE, KVPY & OLYMPIAD) | ONLY 30 SEATS FOR EACH CLASSES
REGULAR ADMISSION OPEN FOR: VII TO XII
FREE TUITION CLASSES FOR STUDENTS OF OUR INSTITUTE AT EVENING TIME
SCHOOLING & COMPETITIVE COACHING AT ONE PLACE
Director:- Mr. Muneem Bhar (IIT MADRAS, AIR - 163)
Opp. Chhotu Ram Stadium, Basant Vihar, Gali No.3, Sonepat Road, Rohtak | M. : 92533-22220, 9813840432

## खबर संक्षेप


रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-2 की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके कार्यवाही की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-2 सतीश कुमार ने बताया कि जलेबी चौक के पास खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया।

### फायरकर्मियों के साथ मारपीट, दो पर केस

**महम।** महम के रकबे में सय गांव जाने वाले रोड पर आग बुझाने के लिए पहुंचे दमकल कर्मियों पर हमला करने के आरोपितों के खिलाफ महम पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जिनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है, उनमें महम निवासी संजय और मनोज के नाम शामिल हैं। पुलिस ने यह कार्रवाई निंदाना गांव निवासी फायरकर्मी जसंवत की शिकायत पर की है। सोमवार दोपहर बाद किशनगढ़ गांव से सय गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर खेतों में गेहूं के अवशेषों में आग लग गई थी। आग उसके बाद संजय व मनोज के खेत में गेहूं की फसल तक भी पहुंच गई थी। आग लगने का कारण यहां से गुजर रही इंडियन ऑयल की तेल पाइप लाइन में वैल्डिंग करते समय चिंगारी निकलना बताया जा रहा है।

### कानून व्यवस्था के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने विभिन्न मामलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। धीरेंद्र खडग़टा द्वारा जारीआदेश के तहत स्थानीय आर्य नगर की गली संख्या-4 में ट्रांसफार्मर इंस्टॉल करने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की डिविजन संख्या 2 के एसडीओ अभिमन्यु को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

11 अप्रैल को हुई बरसात से मंडियों में तकरीबन 10 हजार मीट्रिक टन कनक भीगा था

# आज रात फिर बदल सकता है मौसम गेहूं बचाने के लिए नहीं हैं इंतजाम

**गेहूं की आवक 20 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन**

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

पश्चिमी विक्षोभ की वजह से गत 11 अप्रैल को जिले में हुई बरसात से तकरीबन 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं भीगा था। अब बुधवार 16 अप्रैल की रात में एक और पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने जा रहा है। जिससे बूंदाबांदी की पूरी आशंका है। लेकिन मंडियों में गेहूं न भीगे इसके इंतजाम न तो चार दिन पहले थे न ही आज मंगलवार को। मंडियों में हजारों मीट्रिक टन गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। बरसात होते ही ये भीगेगा, इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए। वजह हर साल गेहूं मंडियों में भीगता है। ध्यान रहे कि गत शुक्रवार की शाम जब बरसात हुई थी तो तब प्रतिदिन मंडियों में गेहूं की आवक 10 हजार मीट्रिक टन थी। लेकिन हर रोज की आवक में बढ़ोतरी हो रही है। सूत्र बताते हैं कि अब गेहूं की आवक 20-22 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन की है। इसमें से मुश्किल से पांच-सात प्रतिशत ही गेहूं ही सरकारी शेड के नीचे पड़ा होगा।

### आढ़ती हैं असमर्थ

गेहूं भी बरसात होने पर भीगने से बचेगा नहीं ये भी तय है। क्योंकि आढ़तियों द्वारा फसल को बारिश से बचाने के लिए इतने इंतजाम नहीं किए गए हैं। हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड भी फसल को भीगने से बचाने के लिए हवाई बातें करता है। बरसात होने पर सीजनल मंडियों में ज्यादा गेहूं भीगता है। क्योंकि वहां शेड के इंतजाम अभी तक किए नहीं हैं। जबकि इन मंडियों से प्रतिवर्ष लाखों रुपये की कमाई सरकार को होती है। कुछ सीजनली मंडी तो ऐसी भी हैं जो 35-40 साल से गेहूं की खरीद फरोख्त करवा रही हैं। बावजूद यहां शेड नहीं बनवाए गए हैं। ध्यान ये भी रहे कि मंडियों से हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड को काफी आमदनी होती है। लेकिन किसानों की जरूरतें पूरी हों, इसके लिए ज्यादा कुछ किया नहीं जाता है।



### अभी तक 55 हजार मीट्रिक टन गेहूं की आवक

जिला प्रशासन के रुटिन बुलेटिन में बताया गया है कि गत सोमवार तक जिले की मंडियों में 55 हजार मीट्रिक टन गेहूं आवक हो चुकी थी। जबकि रविवार को ये आंकड़ा 39 हजार मीट्रिक टन था। यानी के हर रोज 16 हजार मीट्रिक टन गेहूं की पहुंच मंडियों में हो रही है। ध्यान ये भी रहे कि प्रशासन द्वारा जो आंकड़े जारी किए गए है, उससे कहीं अधिक मंडियों में गेहूं पहुंच रहा है। अगर अगले 10-15 दिन तक मौसम साफ रहे तो किसान रबी की कटाई-कढ़ाई पूरी कर लेगा। क्योंकि अब कटाई के लिए किसानों के पास पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं।

### आढ़ती पूरा इंतजाम नहीं कर पाते



पहले ज्यादा मशीनी युग नहीं था। इसलिए फसल धीरे-धीरे मंडियों में पहुंचती थी। लेकिन अब अढ़ाई-तीन लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक मात्र पंद्रह बीस दिन में ही हो जाती है। इतनी आवक बरसात से न भीगे, इसके इंतजाम आढ़ती कर नहीं पाते हैं। क्योंकि इतने संसाधन नहीं हैं। बावजूद इसके आढ़तियों की कोशिश होती है कि गेहूं कम से कम भीगे।
-**हर्ष गिरधर, प्रधान**, अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन

### मौसम में बदलाव की आशंका

मौसम पूर्वानुमान मंगलवार दोपहर को चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार की तरफ से जारी किया गया है। यूनिवर्सिटी के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया है कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 16 अप्रैल को राज्य के मौसम में फिर से बदलाव होने की आशंका है। जिससे रात्रि को राज्य में विशेषकर दक्षिण पश्चिमी व उत्तरी हरियाणा में मध्यम से तेज हवाएं चल सकती हैं। कुछेक स्थानों पर गरज चमक के साथ छिटपुट बूंदाबांदी भी हो सकती है। परंतु बाद में मौसम खुश्क संभावित। पश्चिमी हवाएं चलने से 17 से 19 अप्रैल के दौरान मौसम आमतौर पर खुश्क व तापमान में बढ़ोतरी संभावित है।

### अब चरम पर पहुंचेगी कटाई

कृषि विभाग से जो जानकारियां मिल रही हैं, उनके मुताबिक अब गेहूं की कटाई अगले तीन-चार दिन में चरम पर पहुंच जाएगी। कहा जा रहा है कि जब कटाई चरम पर होगी तो प्रतिदिन मंडियों में गेहूं की आवक 25 हजार मीट्रिक टन तक होगी। आवक ज्यादा होने पर एक बार अफरा-तफरी भी मंडियों में मचेगी। इस बार पिछले साल की अपेक्षा 30 हजार मीट्रिक टन ज्यादा गेहूं खरीद का लक्ष्य तय निर्धारित किया गया है। गत वर्ष 2 लाख 95 हजार मीट्रिक रोहतक जिले से सरकार ने खरीदा था। टारगेट हासिल करना मुश्किल नहीं है। क्योंकि अब प्रतिदिन एकड़ उत्पादन गत वर्ष की अपेक्षा कुछ ज्यादा है।



कुलपति ने आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया

# 19 को एमडीयू में स्वर्ण जयंती पर लगेगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय 19 अप्रैल को स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन करेगा, जिसमें विश्वविद्यालय की गौरवशाली 50 वर्षों की विकास यात्रा का वर्णन किया जाएगा। एक सप्ताह तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के सभी विभाग अपनी स्थापना से लेकर अभी तक अपनी विकास यात्रा को प्रदर्शित करेंगे । कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कुलपति कार्यालय में आयोजित बैठक में एमडीयू के स्थापना दिवस की स्वर्ण जयंती के आयोजन को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया।इस बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय 50 वर्षों का एक अहम पड़ाव हासिल करने जा रहा है। स्वर्ण जयन्ती कार्यक्रम को सभी मिलजुल कर हर्षोंल्लास के साथ मनायेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर को स्वर्ण जयन्ती वर्ष के रूप में मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### बैठक में मौजूद रहे

बैठक में डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान, कुलसचिव डॉ. कृष्णकान्त, निदेशक इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल प्रो. बी. नरसिम्हन, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, निदेशक डिस्टेंस और ऑनलाइन एजुकेशन सेंटर प्रो. नसीब सिंह गिल, डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश दूरेजा, डीन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट प्रो. एससी मलिक, प्रॉक्टर प्रो. राजेश पूनिया, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, निदेशक जनसंपर्क प्रो. आशीष दहिया समेत विभिन्न संकायों के डीन, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

### मदवि में शिक्षकों ने अभिभावकों को अवगत कराया बच्चों का अपडेट

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच मजबूत संचार एवं सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवारको पीटीएम का आयोजन किया गया। इस बैठक की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने शैक्षणिक प्रदर्शन को बढ़ाने एवं विद्यार्थियों की चिंताओं को दूर करने में अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच नियमित बातचीत के महत्व पर जोर दिया। डॉ. जगदीप दहिया ने अभिभावकों को विभाग की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। सभी अभिभावक आईएएस, आईपीएस, बैंकिंग क्षेत्र, आरबीआई, सेबी, केंद्र एवं राज्य सरकार की परीक्षाओं आदि जैसी विभिन्न नौकरियों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों के बारे में जानकर प्रसन्न हुए।

## मोखरा में गली की पौड़ियां तोड़ने को लेकर विवाद, तीन पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

मोखरा गांव में गली का निर्माण चल रहा है। इस दौरान गली में बनी एक मकान की पौड़ियां तोड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस झगड़े में एक महिला, उसकी बेटी और बेटा घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए महम के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने इस संबंध में पांच लोगों के खिलाफ बहु अकबरपुर थाने में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में मोखरा के पाना छाज्याण गांव निवासी मंजू पत्नी कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव का सरपंच उनके घर के पास गली का निर्माण करवा रहा है। उसका पड़ोसी प्रदीप पुत्र जगदीश सरपंच को कह रहा है कि नाली को बीच में बनाने की बजाए मकान के साथ बनाए। जबकि नाली पहले से बीच में ही बनी हुई थी। प्रदीप उसके मकान की पौड़ियों को तुड़वाना चाहता है। इसी बात को लेकर उसने गली के निर्माण कार्य को रुकवाया हुआ है। वहां पर काम करने के लिए लेबर आई हुई थी।

### सिर फूट गया

गली में सचिन पुत्र आनंद अपने हाथ में कस्सी लिए हुए था और राकेश पुत्र अंतराम अपने हाथ में बिट्टा लिए हुए था। सोनिया पत्नी प्रदीप भी हाथ में बिट्टा लिए हुए थी। सोनू पुत्र जगदीश और संतोष पत्नी आनंद अपने हाथों में डंडे लिए हुए थे। सचिन उसके मकान की पौड़ियों को तोड़ने लगा। जिसका उसने विरोध किया। सभी ने एकदम से जान से मारने की नीयत से उस पर हमला कर दिया। जिस वजह से उसका सिर फूट गया। उसके कपड़े भी फाड़ दिए गए।

### वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**महम।** कस्बा महम के भिवानी रोड पर एक बुजुर्ग की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। इस संबंध में महम पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड 3 निवासी आशीष पुत्र संदीप ने बताया कि रात को साढ़े 8 बजे उसके पास फोन आया कि आपके दादा महाबीर पुत्र अमर लाल का किशनगढ़ गांव के पास स्थित मित्तल कॉटन फैक्टरी के निकट एक्सीडेंट हो गया है। वह सूचना मिलते ही भिवानी रोड पर पहुंचा। यहां मौके पर जाकर देखा तो उसके दादा के सिर, हाथ और पैर पर चोट लगी हुई हैं। उसने उसके दादा को राहगीरों की मदद से उपचार करवाने के लिए महम के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। किसी वाहन की चपेट में आ गया होगा।

## निजी अस्पताल में युवक का ऑपरेशन करने पर हंगामा, बुलानी पड़ी पुलिस

- भाई का एक्सीडेंट हुआ उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया, डॉक्टरों ने चोट बताकर ऑपरेशन कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में एक निजी अस्पताल में युवक का ऑपरेशन करने पर हंगामा हो गया। इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक ने आरोप लगाया कि उसके भाई का एक्सीडेंट हुआ था। इस दौरान राहगीरों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया। यहां डॉक्टरों ने पेट में चोट बताकर ऑपरेशन कर दिया। जबकि उन्हें कहा कि उसे तो छाती में चोट लगी है। युवक की हालत बिगड़ती देख उसे गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान गलत ऑपरेशन करने के बावजूद 1.97 लाख रुपये का बिल बना दिया।

सोनीपत जिले के मंडोरी गांव निवासी नवीन ने बताया कि उसके भाई संदीप का 2 दिन पहले जसिया गांव के पास एक्सीडेंट हो गया था। किसी राहगीर ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और सूचना दी। 14 अप्रैल को डॉक्टर ने उन्हें बताया कि संदीप को पेट की आंत में दिक्कत है, ऑपरेशन करना पड़ेगा। डॉक्टरों ने संदीप का ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद संदीप को दोबारा खून निकलना शुरू हो गया। डॉक्टर दोबारा उसे ऑपरेशन थिएटर में ले गए और उन्हें कहा कि सब ठीक है।डॉक्टरों ने कहा कि संदीप की छाती में चोट लगी है, गलती से पेट का ऑपरेशन कर दिया। इसके बाद संदीप की हालत बिगड़ गई।

### की जा रही जांच

अस्पताल से डायल 112 पर कॉल आई थी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अस्पताल में एक युवक नवीन ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया, जबकि अस्पताल प्रबंधन ने युवक पर हंगामा करने का आरोप लगाया। दोनों तरफ से शिकायत दी गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।
-**वीरेंद्र**, जांच अधिकारी, अर्बन एस्टेट




### चांद सिंह ने एथलेटिक्स में जीते और 4 स्वर्ण पदक

**रोहतक।** गत 11 से 14 अप्रैल तक दिल्ली में चौथी खेलों इंडिया मास्टर्स एथलेटिक्स राष्ट्रीय चैपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें 84 वर्षीय अन्तर्राष्ट्रीय बुजुर्ग खिलाड़ी मास्टर चांदसिंह अहलावत ने शॉटपुट, डिस्कसथ्रो, जेवलीनथ्रो और हैमरथ्रो में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक जीते। मूल रूप से झज्जर जिले के गांव डीघल निवासी हाल लक्ष्मी नगर रोहतक निवासी चांद सिंह लगातार पदक जीत रहे हैं। 65 वर्ष के खेल जीवन में अनेक रिकार्ड स्थापित किये है।


रोहतक। अपनी समस्या को लेकर डीसी से मिलने आए पीजीआई के बियरर।

### पीजीआईएमएस बियरर ने प्रदर्शन कर डीडीपीओ को ज्ञापन सौंपा

**रोहतक।** पीजीआई के बियरर ने मंगलवार को कुछ लोगों पर फर्जी स्टैंप का प्रयोग कर कर्मचारियों को गुमराह करने और धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया और विरोध प्रदर्शन किया। पीजीआई बियरर ने डीसी ऑफिस पहुंचकर डीडीपीओ राजपाल चहल को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारी अनिल कुमार ने बताया कि कुछ रिलीवर कर्मचारियों को भड़का रहे हैं। दोपहर को नोटिस भेजते हैं कि हमारी हड़ताल है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। रिलीवर अपने आप को कर्मचारी नेता बताकर हर 15 से 20 दिन में हड़ताल करते हैं। अनिल कुमार ने आरोप लगाया कि एक स्टैंप का गलत तरीके से प्रयोग किया जा रहा है। इसके नाम पर चंदा लिया जा रहा है। उनका काम केवल हड़ताल करना, नारेबाजी करना, कर्मचारियों को धरने पर बैठाना है। कर्मचारियों ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ स्टैंप का गलत प्रयोग करने व आए दिन हड़ताल करने के खिलाफ पुलिस को भी शिकायत दी गई है।

**कवायद** शिक्षा विभाग अब छोटी कक्षाओं में ही बच्चों की दक्षता पहचानेगा

# निपुण मिशन के तहत बाल वाटिका तीसरी से लेकर पांचवीं तक के बच्चों की क्लास रीडिंग प्रोग्राम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिक्षा विभाग अब छोटी कक्षाओं में ही बच्चों की दक्षता पहचानने का काम शुरू करने वाला है। नए शैक्षणिक सत्र के साथ ही विभाग का काम शुरू हो जाएगा। जिसके लिए बकायदा योजना बनाई गई है। योजना के तहत बाल बाटिका 3 से कक्षा 5 तक की कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग तरह की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के जरिये ही विद्यार्थियों की दक्षता बढ़ाई जाएगी। दक्षता पहचानने के लिये कक्षा तत्परता कार्यक्रम 15 अप्रैल से शुरू हो रहा है। विशेष बात ये है कि कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की मूल्यांकन रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी।



रिपोर्ट को पोर्टल पर भी अपलोड किया जाएगा। बता दें कि नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के साथ ही स्कूलों में विद्यार्थी संख्या बढ़ाने के लिए प्रवेश उत्सव भी मनाया गया। विभाग ने अब निपुण हरियाणा मिशन के तहत कक्षा तत्परता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिसमें करवाई जाने वाली गतिविधियों की रुपरेखा स्कूलों को भेज दी गई हैं। कक्षा तत्परता कार्यक्रम 15 अप्रैल से शुरू होकर 23 मई तक चलेगा। जिसमें बाल वाटिका 3 के विद्यार्थियों को स्कूल के वातावरण के अनुकूल बनाते हुए शिक्षिकों व सहपाठियों से परिचित करवाया जाएगा। इस दौरान बच्चों में विद्यालय की दिनचर्या प्रतिदिन स्कूल आना, आत्मविश्वास बढ़ाने सहित अनेक गतिविधियां करवाई जाएगी।

### शैक्षणिक भ्रमण करवाएंगे समीक्षा बैठक भी होगी

कक्षा तत्परता कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की प्रोग्रेस को लेकर सभी मेंटर्स हर स्कूल की खंड स्तरीय समीक्षा बैठकों के माध्यम से ट्रैक करेंगे। कक्षा में महत्वपूर्ण दिनों में उत्सव मनाए जाएंगे और उनका रिकार्ड रखा जाएगा। विद्यार्थियों के लिए स्कूल के आसपास ही शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की प्रगति का रिकार्ड दो सप्ताह में एक बार क्लास रेडीनेस स्किल पासबुक में दर्ज किया जाएगा।

### हिंदी व अंग्रेजी में किया जाएगा निपुण

इसके अलावा पहली कक्षा के विद्यार्थियों को संख्या ज्ञान, दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों में चार से पांच वर्ण या अक्षरों वाले शब्दों को पढ़ पाने की दक्षता पैदा की जाएगी। संख्या ज्ञान व संख्या बोध करवाया जाएगा। तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को हिंदी व अंग्रेजी विषय में निपुण किया जाएगा।

### मूल्यांकन के लिए औचक निरीक्षण भी होगा

विभाग ने सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों, एफएसएल समन्वयक व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे स्कूलों का औचक निरीक्षण करें। इस दौरान कार्यक्रम के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करें। क्लास रेडीनेस स्किल पासबुक का मूल्यांकन करते हुए दर्ज किए गए डाटा की पुष्टि करें। राजकीय विद्यालयों में बच्चों की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से कक्षा तत्परता कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। जिसको लेकर सभी को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं।



# 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

**मुंबई।** 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।



## लाइफ Style

# प्रियंका हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच'के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक प्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।





# कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

**लॉस एंजिल्स।** कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।



# रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...


**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



# देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

**मुंबई।** सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ 50 लाख रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

## टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

***जी करदा :*** जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

***आखिरी सच :*** आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

***नवंबर स्टोरी :*** नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

# एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।




**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन'के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

## हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*



**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।

**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

### प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज़ न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।

## खबर संक्षेप



### डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

**रोहतक।** कांग्रेस के नेता अड़ीचंद निम्बड़ियां ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेड़कर की 135वीं जंयती मनाई गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेड़कर सर्वसमाज के हितैषी थे। इस अवसर पर मधु चोपड़ा, मोनू चोपड़ा, अनिल कलसन, दिलबाग जांगड़ा, नफे सिंह जांगड़ा, ओम प्रकाश शर्मा, सुनील आदि भी उपस्थित रहे।



### जैन जति में 18 से 24 तक महोत्सव

**रोहतक।** झज्जर रोड पर स्थित 1008 भगवान शांतिनाथ जैन मंदिर जैन जति में 18 से 24 अप्रैल तक महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया समारोह को लेकर 20 दिन से तैयारियां चल रही है। महोत्सव में अध्यक्षता मुख्य संरक्षक समाजसेवी उद्योगपति विजय कुमार जैन एवं एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन करेंगे। 19 अप्रैल को गर्भ कल्याणक पूर्व रूप, 20 को गर्भ कल्याणक उत्तर क्रिया, 21 को जन्म कल्याणक, 22 को तप कल्याणक दीक्षा, 23 को ज्ञान कल्याणक, 24 को मोक्ष कल्याण महोत्सव बड़ा धूमधाम से मनाया जाएगा।

### युवक को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। युवक के पास से 12 बोतल व 39 पव्वे शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज करके कार्यवाही की गई है। लाखनमाजरा थाना प्रभारी ट्रेनी आईपीएस कांची सिंघल ने बताया कि गांव चांदी में पैदल आ रहे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान विशाल निवासी गांव चांदी को गिरफ्तार किया गया है। युवक के पास से 12 बोतल व 39 पव्वे शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

---

#### गांवों में पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों व विद्यार्थियों ने गर्मजोशी से यात्रा का किया स्वागत

# नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देकर साइक्लोथॉन सोनीपत के लिए रवाना

**राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने मदवि परिसर से साइक्लोथॉन को किया रवाना**

- उपायुक्त की उपस्थिति में मदवि में आयोजित हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

15 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरियाणा में नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई साइक्लोथॉन जिलावासियों को नशा मुक्त अभियान का संदेश देकर सोनीपत के लिए रवाना हुई। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा भी विदाई समारोह में मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, नगराधीश अंकित कुमार ने जहां एक ओर साइक्लोथॉन में साइकिल चलाकर नागरिकों को नशा मुक्त अभियान का संदेश दिया, हरियाणवी गायक अमित सैनी रोहतकिया ने मदवि परिसर में विदाई समारोह में अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

### ये रहे मौजूद

मौके पर उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण मूर्ति हुड्डा, कुलताज सिंह, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह, डीएसपी रवि खुंडिया, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक, रितु मलिक नांदल, पार्षद प्रवीन कौशिक, प्राचार्य अनिल दहिया, राकेश दलाल, सभी गांवों के सरपंच तथा संबंधित विभागों के अधिकारी, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।





**रोहतक।** साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद रामचंद्र जांगड़ा व सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बढ़ता नशा समाज के लिए बड़ी चुनौती: सांसद

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विदाई समारोह के मुख्यातिथि एवं राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे प्रभु के नाम का नशा करें तथा मां-बाप की सेवा का नशा करें। इनसे बढ़कर कोई नशा नहीं है। युवा जीवन में योग और प्राणायाम को शामिल करें।

### ड्रग फ्री हरियाणा की दिलाई शपथ

साइक्लोथॉन में प्रतिभागी डॉ. अशोक कुमार ने उपस्थितगण को नशे के खिलाफ शपथ दिलवाते हुए कहा कि सभी आज से स्वयं नशा न करने तथा दूसरों को नशा न करने देने की शपथ लें। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों की सूचना नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड हेल्पलाइन 9050891508, 1933 व एनसीबी पोर्टल पर सूचना दें।



**रोहतक।** साइक्लोथॉन बच्चें के साथ अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार व अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि



**रोहतक।** शपथ लेते मेयर राम अवतार वाल्मीकि, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक व अन्य।

***ड्रग फ्री हरियाणा के लिए अपने परिवार से करनी होगी शुरुआत: मेयर***

साइक्लोथॉन 2.0 मदवि परिसर से चलकर बोहर, भालोट होती हुई कंसाला, हुमायुपुर पहुंची। रास्ते में ग्राम पंचायतों तथा स्कूली बच्चों ने इस यात्रा का फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया। गांव बोहर में भाजपा नेता रमेश बोहर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने साइक्लोथॉन का भव्य स्वागत किया। कंसाला हुमायूंपुर में आयोजित विदाई समारोह में मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर सोनीपत जिला के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति की शुरुआत हमें अपने परिवार से करनी है तभी जाकर हम समाज को नशा मुक्त करने में सफल होंगे।

***जिला में गर्मजोशी से साइक्लोथॉन का किया गया स्वागत :अतिरिक्त उपायुक्त***

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने साइक्लोथॉन 2.0 के सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह साइकिल यात्रा लोगों के सहयोग से अपने उद्देश्य को हासिल करने में सफल होगी। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को हर प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने के साथ-साथ अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलवाए। सरकारी स्कूलों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ-साथ प्रशिक्षित स्टाफ भी उपलब्ध है तथा गुणवत्तापरक शिक्षा दी जा रही है।

***हरियाणा को उड़ता पंजाब बनने से रोकने के लिए मुख्यमंत्री है गंभीर: ढाका***

भाजपा के जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश को उड़ता पंजाब न बनने देने के लिए गंभीर है। पंजाब में युवा नशे की गिरफ्त में फंस चुके हैं तथा अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं।

***सीएम नायब सैनी ने ठाना है, हरियाणा नशा मुक्त बनाना है: अमित***

हरियाणवी प्रसिद्ध कलाकार अमित सैनी रोहतकिया ने साइक्लोथॉन के विदाई समारोह में शानदार हरियाणवी प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थितगण का मनोरंजन करने के साथ-साथ नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया।

---



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा को नहीं मिली विशेष सौगातः भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**रोहतक।** पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश की जनता को प्रधानमंत्री के दौरे से जो उम्मीदें थी, वो पूरी नहीं हुई। पीएम कोई बड़ी सौगात देकर नहीं गए। कांग्रेस के समय में जो प्रोजेक्ट शुरू हुए थे, वो 11 साल लेट कर दिए। वे मंगलवार को अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हिसार में एयरपोर्ट के एक भवन का उद्घाटन किया, यह प्रोजेक्ट तो कांग्रेस के समय का है। यह तो 11 साल पहले बन जाना चाहिए था। महम में एयरपोर्ट बनना था, वह नहीं बनाया। भाजपा कोई भी नया प्रोजेक्ट हरियाणा में लेकर नहीं आई। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार कहती रही कि हिसार में इंटरनेशनल एयरपोर्ट आएगा, लेकिन कहां है इंटरनेशनल एयरपोर्ट। अगर पीएम कारगो एयरपोर्ट का उद्घाटन करते तो कांग्रेस इसका स्वागत करती। यमुनानगर में पावर प्रोजेक्ट भी कांग्रेस के समय का है, जो 11 साल देरी से पूरा किया गया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पंजाब कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा पर कार्रवाई करना राजनीति से प्रेरित है। बाजवा ने जो बात कही, उसकी जांच करने की बजाय प्रताप सिंह बाजवा की जांच कर रहे है। ड्रोन से जो आतंकवादी गतिविधियां हो रही है, उसकी जांच को छोड़ कांग्रेस नेता की जांच करवाने में जुटे हुए हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि 2100 रुपए देने का कोई क्राइट एरिया नहीं था, सरकार बनते ही देने चाहिए थे, लेकिन अब तक कुछ नहीं है। चुनाव के दौरान जो वादे किए, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया गया।भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा 24 फसलों पर एमएसपी देने का झूठा प्रचार कर रही है। 24 फसल हरियाणा में होती ही नहीं। 7-8 ऐसी फसलों के नाम है, जो कभी होती ही नहीं।

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय ने साइक्लोथॉन 2.0 का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में मंगलवार को साइक्लोथॉन 2.0 के शहर में पहुंचने पर उसका स्वागत रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार ने किया। जिसका उद्देश्य युवाओं और स्थानीय समुदाय के बीच नशा मुक्ति, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम ने शिक्षार्थियों, शिक्षकों और समाज के अन्य वर्गों को एक मंच पर लाकर एक सकारात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. सुधीर मलिक द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए समाज को जागरूक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने किया। उन्होंने साइक्लोथॉन के सभी प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ समाज के प्रति उनके दायित्वों की भी याद दिलाते हैं।

यह केवल एक खेल गतिविधि नहीं, बल्कि समाज को नशा-मुक्त बनाने और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की दिशा में एक ठोस कदम है। हमारा उद्देश्य केवल साइकिल चलाना नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण करना है। साइक्लोथॉन जैसे आयोजन हमें आत्मनिर्भर, अनुशासित और पर्यावरण-संवेदनशील बनाते हैं।

रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार ने साइक्लिंग के शारीरिक लाभों और इसके पर्यावरणीय प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित साइकिल चलाना न केवल हृदय और फेफड़ों को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह एक प्रदूषणमुक्त परिवहन साधन भी है। यह अभियान हमारे विश्वविद्यालय के सामाजिक सरोकारों का प्रतीक है। कार्यक्रम में कुलसचिव ने कहा कि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय शिक्षा, संस्कार और समाज सेवा के मूल मूल्यों पर कार्य करता है।



**रोहतक।** 'साइक्लोथॉन 2.0' साइकिल यात्रा का स्वागत करते हुए रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. मंजीत कुमार, एनसीसी समन्वयक डॉ. अनिल डूडी, प्रो. (डॉ.) जगदीश भारद्वाज सहित कई शिक्षक, कर्मचारी, एनएसएस स्वयंसेवक व एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे। प्रत्येक प्रतिभागी का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें फल एवं पानी वितरित कर साइक्लोथॉन के लिए रवाना किया गया।

## शहरों की तर्ज पर गांवों में विकास करेंगे: कृष्ण बेदी

**सांपला।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष उदयभान मलिक की बेटी की शादी को लेकर आशीर्वाद देने के लिए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी मंगलवार की दोपहर बाद खरावड़ गांव में पहुंचे। इस दौरान परिवार के अलावा गांव के मौजूद व्यक्ति भी शामिल थे। ग्रामीणों द्वारा गांव के विकास की बात कहने पर कैबिनेट मंत्री बेदी ने तुरंत गांव के विकास के लिए 25 लाख रुपए देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि गांव में भी शहरों जैसी सुविधा हो, लेकिन उस पैसे का सदुपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा हरियाणा के पहले हवाई अड्डे के दूसरे टर्मिनल का शिलान्यास विकास की दिशा में एक और छलांग है।



### खेतों तक पानी पहुंचाने का प्रयास

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस साल 2 लाख 5 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, जो कि अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इस मौके पर बीजेपी की प्रदेश महिला कार्यकारिणी सदस्य प्रभा सागर, सतेंद्र, भाजपा के जिला प्रधान रणवीर ढाका, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, एडवोकेट अनीता बुधवार आदि मंत्री का पगड़ी व फूल मालाओं से स्वागत किया।

---

**कार्यक्रम** पंडित मोहन लाल बड़ौली, लाल सिंहआर्य ने समझाया अंबेडकर के बनाए संविधान का महत्व

# 47 हजार 850 स्थानों पर देशभर में मनाया बाबा साहेब का जन्मोत्सव:आर्य

**भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर 'सम्मान अभियान' के तहत कार्यशाला आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

संविधान निर्माता, भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर 'सम्मान अभियान' के तहत मंगलवार को भाजपा कार्यालय मंगल कमल में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि लाल सिंह आर्य ने बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों को साझा किया। वहीं राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने डॉ. अंबेडकर के जीवन को समर्पण, संघर्ष और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा ने ही सही मायने में बाबा साहेब का सम्मान किया है।

एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के छह नेशनल कार्यक्रम हैं जिसके तहत बाबा साहेब भीम राव अंबेड़कर की जयंती देश भर मनाई जाती है। लाल सिंह आर्य ने कहा कि 13 अप्रैल को पूरे भारत में जहां भी बाबा साहेब के स्टेच्यू हैं वहां पर भाजपा कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान और दीपोत्सव कार्यक्रम किए। उन्होंने कहा कि 14 हजार 619 जगहों पर दीपोत्सव और स्वच्छता अभियान चला जिसे सरल पोर्टल पर भी अपलोड किया गया है। 4 लाख 20 हजार 500 लोगों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया और 4 लाख 66 हजार 754 लोगों ने - दीपोत्सव में भाग लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब का जन्मोत्सव 47 हजार 850 स्थानों पर देश भर में मनाया है।





**रोहतक।** कार्यशाला को सम्बोधित करते भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य व मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### प.बंगाल में हिंसा के लिए ममता बनर्जी जिम्मेदार

लाल सिंह आर्य ने पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि 1984 में कांग्रेस पार्टी ने षड़यंत्र के तहत सिखों की हत्या करवाई और उनकी दुकानें व घर जलाने का काम किया। कांग्रेस की तर्ज पर ही अब पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और टीएमसी के गुंडे वक्फ कानून के विरोध में आगजनी करा रहे हैं जोकि ठीक नहीं है।

### ये रहे मौजूद

कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री व कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, मंत्री रणबीर गंगवा, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौहान, पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर, पूर्व मंत्री डॉ बनवारी लाल, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, मेयर रामअवतार वाल्मीकि, कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक मनीष कटवाड़, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक के अलावा प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, एससी और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, सम्मान अभियान से जुड़े प्रदेश संयोजक, जिला संयोजक, सह-संयोजक मौजूद रहे।

### कांग्रेस पार्टी झूठ की दुकान चलाती है : बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी बाबा साहेब अंबेडकर का सम्मान नहीं किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही बाबा साहेब का सम्मान करने वाली पार्टी है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
PRO 5
NURSING STAFF 4
ICU STAFF 10
MALE NURSING STAFF 5
HOUSE KEEPING 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
All Vaish School, Vedanta School, Shiksha Bharti, Scholar Rosary, St. Pall School, ZAD Global School, Model School, Shivalik School, DAV School, MRGS School, Baba Mast Nath School, GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
एचआर हेड (महिला)
फील्ड ऑफिसर
टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

NEW FRESH BATCHES
CLAT (LAW) 2026/27
IPM (IIMs) 2026/27
BANK SSC MCA NDA
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak M. 9254304337

सीवर लाइन सफाई के लिए हर जिला में होगी सुपर सकर मशीन

# पेयजल व सीवर व्यवस्था को किया जाएगा मजबूत : रणबीर गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- बढ़ाई जाएगी रोहतक के जल घर की स्टोरेज क्षमता
- मंत्री रणबीर गंगवा ने तृतीय जल घर व डिस्पोजल का किया औचक निरीक्षण

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि प्रदेश के सीवर व पेयजल व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी 50 वर्षों की आबादी को ध्यान में रखते हुए योजना तैयार की जा रही है। जल्द ही इस योजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा। रणबीर गंगवा तृतीय जलघर व गुरुनानकपुरा स्थित बरसाती जल निकासी डिस्पोजल का औचक निरीक्षण करने के के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर स्वच्छ जल के सपने को साकार किया जाएगा।



रोहतक। तृतीय जलघर व गुरुनानकपुरा स्थित बरसाती जल निकासी डिस्पोजल का औचक निरीक्षण करते रणबीर गंगवा ,पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व मेयर राम अवतार वाल्मीकि ।

### जलघरों की क्षमता बढ़ेगी

*मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि रोहतक के जल घरों की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर द्वारा भेजा गया है, जिस पर कार्रवाई जारी है और वाटर स्टोरेज की क्षमता को बढ़ाकर पानी की कमी को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां-जहां नए जल घरों की जरूरत है वहां नए जल घर बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की महानगर योजना के अंतर्गत बड़े गांव में शहरों की तर्ज पर पेयजल व सीवरेज की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में ऐसे 148 गांवों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से 16 गांवों में कार्य पूरा हो चुका है। अन्य पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि इन सभी चिन्हित 148 गांवों में वर्ष 2027 तक शहरों की तर्ज पर पेयजल व सीवर की सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अगर किसी भी क्षेत्र से गंदे पानी की शिकायत आती है, तो उसका तुरंत समाधान किया जाए। इसके साथ उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि पेयजल के बारे में नागरिकों को समस्या नहीं होनी चाहिए।*

### रोहतक को मिलेगी सकर मशीन

*उन्होंने कहा कि सीवरेज पाइप लाइन की सफाई करने के लिए हर जिला में सुपर सकर मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्रीनायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में उपरोक्त मशीन खरीदने का निर्णय लिया गया है और यह मशीन खरीदने के आर्डर जारी किए जा चुके हैं।*

### बिजली कनेक्शन लगवाने के भी दिए आदेश

दौरे के दौरान मंत्री रणबीर गंगवा डिस्पोजल के लिए जल्द से जल्द बिजली कनेक्शन लगवाने के भी आदेश दिए। जब से डिस्पोजल का निर्माण हुआ है यहां बिजली कनेक्शन ही नहीं लग पा रहा था। जिससे डिस्पोजल सही ढंग से काम नहीं कर पा रहा। है।

### ये रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान नगर निगम के मेयर राम अवतार वाल्मीकि, प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव गुप्ता, मुकेश कुमार सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात : मनीष ग्रोवर

मनीष कुमार ग्रोवर ने निरीक्षण के दौरान कहा कि गुरु नानक पुरा के डिस्पोजल के बन जाने से नगर की आधा दर्जन से भी अधिक कॉलोनी को लाभ मिलेगा। यह डिस्पोजल महावीर कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, अशोक नगर, कृपाल नगर, सैनीपुरा, चुन्नीपुरा, गोहाना अड्डा, गुरु नानकपुरा व टीबी अस्पताल आदि क्षेत्रों से बरसाती पानी निकासी का कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि इस डिस्पोजल के निर्माण पर लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत आई है।





## स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मुकुल ने जीता सोना

रोहतक। शहर की हनुमान कॉलोनी वासी मुकुल ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने मां बाप का ही नहीं प्रदेश का नाम रोशन किया है। गोहाना में हुई तीसरी पुरूष व महिला स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मुकुल ने यह मैडल हासिल किया है। जिससे कॉलोनी के लोगों में खुशी का माहौल है। कोच सतबीर सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता गोहाना में 11 से 14 अप्रैल तक हुई। जिसमें स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी मुकुल का रोहतक पहुंचने पर परिवार समेत अन्य खिलाड़ियों ने जोरदार स्वागत किया। घर आने पर मुकुल की मां ने दूध और चूरमा खिलाकर उसका स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मुकुल का नेशनल में भी स्वर्ण पदक रहा है। गुवाहटी के अंदर हुई नोर्थ जोन प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया था। अब स्टेट में गोल्ड मेडल हासिल कर अन्य खिलाड़ियों के प्रेरणा स्त्रोत बने हुए है। आने वाले दिनों में होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं के लिए मुकुल तैयारी कर रहा है।



## दुहन स्कूल ने ओलंपियाड में जीते 18 गोल्ड

रोहतक। गोहाना रोड स्थित दुहन पब्लिक स्कूल ने ओलिंपियाड इंटरनेशनल मैथस प्रतियोगिता में 18 गोल्ड जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे दौर की इस प्रतियोगिता में 45 बच्चों ने भाग लिया। जिन में से 18 बच्चों ने गोल्ड व अन्य बच्चों ने सर्टिफिकेट प्राप्त किया। गोल्ड जीतने वाले बच्चों में प्रमुख अंशिका सेकेंड क्लास ( सांघी) कनन सेकंड क्लास (सेक्टर 5) कवीश 2nd क्लास (रोहतक) श्रेया 3rd क्लास (मिर्जापुर खेड़ी )युवराज थर्ड क्लास वंश 3 थर्ड क्लास (खिड़वाली)गौरव थर्ड क्लास (रिठाल )हितेश छठी क्लास( सांघी) पायल सेवनथ क्लास का नैतिक सेवनथ क्लास( सांघी) रितेश सेवनथ क्लास (जसिया) पवित्र आठवीं ( रिठाल) वंशु दसवीं क्लास ( धामड़)रितिका दसवीं क्लास( सांघी) शामिल हैं।

## 14 विद्यालयों पर की जाएगी तालाबंदी, नियमों को ताक पर रखकर चलाए जा रहे थे स्कूल

रोहतक के सिंहपुरा में भी किए गए थे स्कूल सील, पुलिस सुरक्षा में की जा रही कार्रवाई

# शिक्षा विभाग ने महम खंड के चार गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल किए सील

### भैणीभैरों गांव के सर छोटूराम स्कूल , सीसर खास गांव के एसके प्ले स्कूल, श्री राम स्कूल व सैनिक स्कूल पर लगाया ताला

- अब रोजाना यह कार्रवाई जारी रहेगी : राजेश नान्दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम









शिक्षा विभाग ने उन प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ ताला बन्दी की कारवाई शुरू कर दी है, जो गैर मान्यता प्राप्त हैं और नियमों को ताक पर रखकर चलाये जा रहे हैं। शिक्षा विभाग द्वारा महम खंड के 14 विद्यालय चिंहित किये हैं, जिनको सील किया जायेगा। मंगलवार को महम के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से ऐसे विद्यालयों के खिलाफ़ कारवाई शुरू की गई। पहले दिन सीसर खास गांव के 3 और भैणी भैरों गांव के एक विद्यालय को सील किया गया। शिक्षा विभाग के अधिकारी राजेश नान्दल ने बताया की बाकि बचे गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को भी सील किया जायेगा। पुलिस सुरक्षा के बीच स्कूलों को ताले लगाए जा रहे हैं। इससे पहले रोहतक में भी चार स्कूलों को बंद करवाया जा चुका है। गैर मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों को सील करने का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। अब तक पुलिस की सुरक्षा नहीं मिल रही थी, जिस वजह से इस काम में थोड़ी देरी हुई है। अब रोजाना यह कार्रवाई जारी रहेगी। तालाबंदी के लिए जा रहे हैं तो कुछ और गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के बारे में खुलासे हो रहे हैं। यदि ऐसा कोई भी विद्यालय बिना मान्यता के चल रहा है, तो इसकी शिकायत शिक्षा विभाग को दे सकते हैं। ऐसे स्कूलों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो शिक्षा विभाग की जानकारी में नहीं आ पाए। उसकी शिकायत कोई भी व्यक्ति विभाग को कर सकता है।

### राजेश नांदल के नेतृत्व में टीम की कार्रवाई

खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल ने बताया कि मंगलवार को कलस्टर हैड संध्या सुमन की अगुवाई में भैणीभैरों गांव में सर छोटूराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल को सील किया गया है। उसके बाद कलस्टर हैड राजेश नांदल के नेतृत्व में विभाग की एक टीम सीसर खास गांव पहुंची। यहां पर श्री राम हाई स्कूल सीसर खास, सैनिकल हाई स्कूल सीसर खास और एसके प्ले स्कूल पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई है। हालांकि तालाबंदी की कार्रवाई से पहले ही स्कूल संचालकों ने इन स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियां बंद कर रखी हैं। उनका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी गैर मान्यता प्राप्त स्कूल महम खंड में न चले।

### गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों में न करवाएं दाखिला



खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल ने महम खंड के अभिभावकों से अपील की है की वे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अपने बच्चों को दाखिल न करवाएं। तरह तरह के लालच दिखाकर स्कूल संचालक बच्चों को अपने स्कूल में दाखिल कर लेते हैं, लेकिन उनके पास जरूरी सुविधाएं नहीं होती। हालांकि इलाके के सभी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को चिन्हित करके उनको सील करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। बावजूद इसके यदि कोई बिना मान्यता का स्कूल चल रहा है तो उसकी सूचना बीईओ ऑफिस में दें। वे उस स्कूल को बंद करने की कार्रवाई करेंगे। नियमों को ताक पर रखकर चलाए जा रहे स्कूलों में बच्चों का भविष्य सुरक्षित नहीं है।

### ये स्कूल भी किए जाएंगे सील

जिन स्कूलों को शिक्षा विभाग द्वारा सील किया जाना है, उनमें बाबा गिरधारी दास विद्या मंदिर गोरावड़, गीता शिक्षा सदन महम, नवज्योति मिडल स्कूल निंदाना, मॉडल स्कूल महम, श्री चंद्रा मॉन्टेसरी स्कूल सीसर खास, सनराईज पब्लिक स्कूल सीसर खास, एसके पब्लिक स्कूल सीसर खास, विदया निकेतन स्कूल महम और जॉन वैली स्कूल महम शामिल हैं।





## शिक्षा भारती विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 'साइक्लोथन रैली' में उत्साहपूर्वक लिया भाग

रोहतक। शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड के विद्यार्थियों ने हरियाणा सरकार द्वारा नशा उन्मूलन के लिए चलाई जा रही 'नशा रहित हरियाणा अभियान' के अंतर्गत आयोजित साइक्लोथन रैली में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। यह रैली विद्यार्थियों के बीच जागरूकता, सामाजिक जिम्मेदारी और जनसंपर्क कौशल के विकास की दिशा में एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुई। रैली का शुभारंभ प्रशासन एवं विद्यालय प्रबंधन की उपस्थिति में हुआ। शिक्षा भारती विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में इसमें भाग लेते हुए 'नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो', 'स्वस्थ युवा सशक्त हरियाणा', 'हमारा संकल्प नशा मुक्त हरियाणा' जैसे नारों के माध्यम से जन-जन को जागरूक करने का संदेश दिया। प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही सामाजिक सरोकारों से जोड़ा जाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डॉ. दिनेश मदान मौजूद रहे।

## एमडीयू : मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विद्यार्थियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में मंगलवार को कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने भौतिकी विभाग के एमएससी और पीएचडी के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और सम्मानित किया। भौतिकी विभाग के एम.एस.सी. चौथे सेमेस्टर के छात्र गौरव ने सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा और साथ ही चौथे सेमेस्टर की ही चार अन्य छात्राओं – नेहा, टुनिश, प्रियंका और शीतल ने गेट-2025 परीक्षा पास की है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इन विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए इन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने इन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें विश्वविद्यालय का गौरव बताया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय भौतिकी विभाग में नियमित रूप से आयोजित की जाने वाली ट्यूटोरियल कक्षाओं को दिया, जिनकी सहायता से उनकी न्यूमेरिकल सॉल्विंग क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त, पीएचडी की शोधार्थी आशिमा मखीजा का शोध पत्र वर्ष 2023 में आर एस सी एडवांसेज में प्रकाशित हुआ, जिसे उसी वर्ष प्रकाशित कुल 3187 शोध पत्रों में से नैनो साइंस श्रेणी में आउटस्टैंडिंग स्टूडेंट पेपर अवॉर्ड के लिए चयनित किया गया। इस उपलब्धि के लिए भी कुलपति महोदय ने उन्हें बधाई दी।

## विद्यार्थियों को सिखाए फैशन डिजाइनिंग के गुर

रोहतक। गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं आंत्रप्रेन्योर विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में फैशन डिजाइनिंग कौशल निर्माण विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग, रोहतक से सुमित एवं गीतिका, विशेषज्ञ के तौर पर उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। सुमित ने फैशन स्किल्स के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई व्यक्ति किसी भी चीज के विषय में सोचता हैं तो उसके अवचेतन मन में उसकी एक छवि बन जाती है। उसको मूर्त रूप देने के लिए कुछ कौशलों की आवश्यकता पड़ती है। जिनमें फैशन डिजाइनिंग कौशल महत्वपूर्ण है। रंगों का आध्यात्मिकता से संबंध, स्केचिंग, ड्राफ्टिंग इत्यादि के विषय में भी बात की गई। सुमित ने बोर्ड के ऊपर कुछ चित्रों के माध्यम से डिजाइनिंग के मूलमंत्र समझाए। इसके अतिरिक्त गारमेंट कंस्ट्रक्शन, वर्ड आर्ट, एंब्रॉयड्री आदि के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सविता शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. गीता रानी, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सोन किरण, आदि मौजूद रहे।

## चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो युवकों को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया।



आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों को जेल भेजा गया है। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि राजेंद्रा कॉलोनी निवासी साहिल की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 11 अप्रैल को साहिल दोपहर के समय अपनी मोटरसाइकिल को नया बस अड्डा में खड़ी कर बहादुरगढ़ चला गया। वापिस आने पर साहिल को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली। 14 अप्रैल को पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान आरोपी दीपक निवासी आंवल जिला सोनीपत व विकास उर्फ मोनू निवासी ककरोई जिला सोनीपत को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है।



रोहतक। विजेता छात्रों को सम्मानित करतीं प्राचार्या डॉ. शबनम राठी।

## जाट कॉलेज के छात्रों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अभिव्यंजना में मारी बाजी

रोहतक। वैश्य कॉलेज भिवानी में आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता अभिव्यंजना में जाट कॉलेज, रोहतक के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज के छात्र हिमांशु ने नृत्य प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं जतिन ने हरियाणवी काव्य पाठ में अपने प्रभावशाली अंदाज से द्वितीय स्थान अर्जित किया। दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर पूरे कॉलेज में हर्ष का माहौल है। जाट कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शबनम राठी ने विजेता छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह सफलता उनके परिश्रम, लगन और प्रतिभा का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्टता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं।

**अभियान** सुनारिया कलां का मामला , रोड नेटवर्क, 13 नींव, एक अवैध निर्माण व चारदीवारी को ढहाया

# 11.25 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी में की तोड़फोड

- अवैध कॉलोनियों को पनपने से रोकने के लिए निरंतर चलाए जा रहे अभियान
- चिन्हित की गई अवैध कॉलोनियों में न करें खरीद-फरोख्त : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक







जिला नगर योजनाकार का अवैध कॉलोनियों को पनपने से रोकने के लिए अभियान निरंतर चल रहा है। जहां भी अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही है। विभाग वहीं पर अपनी कार्रवाई करना शुरू कर देता है। वहीं मंगलवार को विभाग की टीम ने सुनारियां कलां में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में बने निर्माण को ढहाया है। इस अभियान के दौरान एक अवैध कॉलोनी में पक्का व कच्चा रोड नेटवर्क, 13 नींव, एक अवैध निर्माण व एक चारदीवारी को तोड़ा गया है। नागरिक अवैध कॉलोनी निर्माण में जीवन की जमा पूंजी को निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा जिला के नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण कॉलोनियों के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गांव सुनारिया कलां में लगभग 11.25 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी को तोड़ा गया। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा का कहना है कि जिले में अवैध कॉलोनी व निर्माण को पनपने नहीं दिया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न राजस्व संपदाओं में चिन्हित की गई अवैध कॉलोनियों में किसी तरह की खरीद-फरोख्त न करें। इस अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा।

### जिला नगर योजनाकार ने की अपील

जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें। क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्रवाई समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी। आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते है।